प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन
19.05 सोमवार दिनांक 01.07.2024

मुख्य समाचारः–

- देशभर में आज से तीन नये आपराधिक कानून लागू–मुख्यमंत्री ने नये कानूनों पर आधारित पुस्तक का किया विमोचन–कहा कि नये कानूनों में दंड के स्थान पर न्याय को प्राथमिकता दी गई है।
- मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज महतारी वंदन योजना की पांचवीं किश्त जारी की।
- राज्य में परिवहन विभाग द्वारा आज से आमजनों के लिए विशेष सुविधा शुरू की गई–दिए पते पर नहीं पहुंचने वाले ड्राईविंग लाइसेंस और पंजीयन प्रमाण पत्र अब परिवहन कार्यालय से प्राप्त हो सकेंगे।
- मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान उत्तरी छत्तीसगढ़ में एक–दो स्थानों पर गरज–चमक के साथ भारी वर्षा होने और आकाशीय बिजली गिरने की चेतावनी दी।

<u>नये आपराधिक कानून–01</u>

देशभर में आज से तीन नये आपराधिक कानून– भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम लागू हो गए हैं। ये नये आपराधिक कानून जांच, सुनवाई और अदालती प्रक्रियाओं में प्रौद्योगिकी के उपयोग पर बल देते हैं।

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज देशभर में लागू नये कानूनों पर आधारित एक पुस्तक का विमोचन किया। इस पुस्तक में तीन नये आपराधिक कानूनों को लेकर महत्वपूर्ण जानकारियों का संकलन है। छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा प्रकाशित इस पुस्तक से नये कानूनों को समझना आसान होगा। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के लिए आज का दिन ऐतिहासिक है। आज से लागू तीन नये आपराधिक कानून डेढ़ सौ वर्ष पूर्व अंग्रेजों द्वारा लागू कानूनों का स्थान लेंगे। उन्होंने कहा कि नये कानूनों में दंड के स्थान पर न्याय को प्राथमिकता दी गई है।

नये कानूनों के तहत बीती मध्यरात्रि बारह बजे से एफ.आई.आर. दर्ज होनी शुरू हो गई है। छत्तीसगढ़ में इन नये कानूनों के तहत पहली एफआईआर कबीरधाम जिले के रेंगाखार थाने में दर्ज की गई है।

इस बीच, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने तीन नए कानूनों के प्रसार–प्रचार के लिए कबीरधाम जिले के सहसपुर–लोहारा से जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर उप मुख्यमंत्री ने सहसपुर लोहारा में नवीन पुलिस थाना भवन का लोकार्पण भी किया।

## नये आपराधिक कानून–02

तीन नये कानून लागू होने के उपलक्ष्य में आज प्रदेश के विभिन्न जिलों में जिला प्रशासन और पुलिस विभाग द्वारा कार्यशालाओं का आयोजन किया गया। इसके अलावा लोगों को इन कानूनों के बारे में जागरूक बनाने के लिए विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों सहित विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में भी कार्यक्रम आयोजित किए गए।

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान–एनआईटी रायपुर में विशेष जागरूकता सेमिनार और क्वीज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय हिदायतुल्लाह विधि विश्वविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉक्टर परवेश राजपूत ने नये कानूनों से संबंधित जानकारी दी।

## महतारी–वंदन योजना

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज महतारी वंदन योजना की पांचवीं किश्त जारी की। योजना के तहत श्री साय ने सत्तर लाख महिलाओं के खाते में करीब छह सौ चौव्वन करोड़ रूपए की राशि अंतरित की। गौरतलब है कि राज्य सरकार ने महतारी वंदन योजना के तहत विवाहित महिलाओं को हर महीने एक हजार रूपए देने का निर्णय लिया है।

## परिवहन विभाग–सुविधा

राज्य में परिवहन विभाग द्वारा आज से आमजनों के लिए विशेष सुविधा शुरू की गई है। इसके तहत ड्राइविंग लाइसेंस और पंजीयन प्रमाण पत्र दिए गए पते पर नहीं पहुंचने की स्थिति में आवेदकों को ये दस्तावेज उनके जिले के क्षेत्रीय, अतिरिक्त क्षेत्रीय और जिला परिवहन कार्यालयों के माध्यम से वितरित किए जाएंगे।

गौरतलब है कि परिवहन विभाग द्वारा डाक के माध्यम से भेजे गए ड्राइविंग लाइसेंस और पंजीयन प्रमाण पत्र पता सही नहीं होने के कारण परिवहन विभाग में वापस लौट आते थे। ऐसे आवेदकों को अपने ड्राइविंग लाइसेंस और पंजीयन प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए नवा रायपुर आना पड़ता था। आवेदकों की इन्हीं परेशानियों को देखते हुए परिवहन विभाग ने यह सुविधा शुरू करने का फैसला लिया है।

<u>एनटीए–परिणाम</u>

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी – एनटीए ने पुनः परीक्षा के बाद आज डेढ़ हजार से अधिक परीक्षार्थियों के संशोधित परिणाम घोषित कर दिए हैं। नये नतीजों के बाद एनटीए ने सभी परीक्षार्थियों की रैंक भी संशोधित की है। एनटीए ने एक विज्ञप्ति में कहा कि सभी परीक्षार्थियों के संशोधित स्कोर कार्ड उसकी वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। इसमें कहा गया है कि पात्र परीक्षार्थियों में से आठ सौ तेरह परीक्षार्थियों ने दोबारा परीक्षा दी।

गौरतलब है कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा एक हजार पांच सौ तिरसठ परीक्षार्थियों की दोबारा परीक्षा लेने का निर्देश दिए जाने के बाद पिछले महीने की तेईस तारीख को दोबारा परीक्षा आयोजित की गई थी।

<u>उच्च न्यायालय–परीक्षा</u>

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के लिए सहायक ग्रेड–तीन पद के लिए प्रथम स्तर की लिखित परीक्षा आगामी अट्‌ठाईस जुलाई को आयोजित की जाएगी। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा ली जाने वाली इस परीक्षा के लिए सरगुजा, बिलासपुर, जगदलपुर, दुर्ग और रायपुर में केन्द्र बनाया गया है।

गौरतलब है कि उच्च न्यायालय की वेबसाइट पर आवेदक द्वारा सहायक ग्रेड–तीन के लिए ऑनलाइन आवेदन जमा किए गए थे। सभी आवेदित अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा में शामिल होने के लिए प्रवेश पत्र के

लिए छत्तीसगढ़ व्यापमं के वेबसाइट में जाकर पंजीयन कराना होगा। साथ ही परीक्षा के लिए जिले का भी चयन करना होगा। इसके लिए कल दो जुलाई से सोलह जुलाई तक की तिथि निर्धारित की गई है।

खाद्य विभाग सर्वर–बाधित

राज्य में खाद्य विभाग का सर्वर आगामी तीन दिनों तक बाधित रहेगा। हालांकि खाद्यान्न वितरण पोर्टल पर इसका कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। आज से आगामी तीन जुलाई तक विभागीय ऑनलाइन कार्रवाई राज्य डाटा सेंटर में स्थित विभागीय सर्वर के माध्यम से की जा रही है।

अग्निवीर–भर्ती रैली

प्रदेश में अग्निवीर सेना भर्ती रैली का आयोजन इस साल चार दिसंबर से बारह दिसंबर तक किया जाएगा। जाजंगीर–चांपा जिले में युवाओं को अग्निवीर भर्ती रैली के लिए निःशुल्क शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। अग्निवरी भर्ती के लिए ली गई ऑनलाइन परीक्षा में उत्तीर्ण युवा जो निःशुल्क शारीरिक प्रशिक्षण में शामिल होना चाहते हैं, वे जिला रोजगार कार्यालय में आगामी तीस जुलाई तक पंजीयन करा सकते हैं।

डॉक्टर्स–डे

आज ''वर्ल्ड डॉक्टर्स डे'' है। इस अवसर पर राजधानी रायपुर सहित प्रदेश में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जांजगीर–चांपा जिला अस्पताल में स्वास्थ्य परीक्षण, रक्तदान शिविर और पौध रोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर आकाश छिकारा और मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारी स्वाति वंदना सिसोदिया सहित डॉक्टर्स, विद्यार्थी और आम नागरिक भी उपस्थित थे।

बैज–पत्रकारवार्ता

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने आरोप लगाया है कि राज्य में कानून व्यवस्था बेलगाम हो गई है। उन्होंने कहा कि बस्तर के एक आदिवासी युवक की पीट–पीटकर हत्या किया जाना इसका प्रमाण है। आज रायपुर में आयोजित एक पत्रकारवार्ता में श्री बैज ने कहा कि लोहंडीगुड़ा का रहने वाला मंगल मुरया एक निजी विश्वविद्यालय का छात्र था, जिसकी बीते दिनों मोटरसाइकिल सवार दो युवकों ने लिफ्ट मांगने के नाम पर हत्या कर दी।

ईओडब्ल्यू–चालान

कथित शराब घोटाला मामले में ईओडब्ल्यू की टीम ने आज रायपुर की विशेष अदालत में दस हजार से अधिक पन्नों का चालान पेश किया है। इसमें पूर्व आईएएस अनिल टुटेजा, ए.पी. त्रिपाठी, अरविंद सिह, त्रिलोक सिंह ढिल्लन और कारोबारी अनवर ढेबर को आरोपी बनाया गया है।

वहीं, महादेव ऑनलाइन सट्टा ऐप मामले में दुर्ग पुलिस ने भिलाई के आठ लोगों को हैदराबाद से गिरफ्तार किया है। इनमें दो नाबलिग भी शामिल हैं। पुलिस सभी आरोपियों को रिमांड में लेकर दुर्ग पहुंच गई है। आरोपियों के पास से बड़ी संख्या में मोबाइल, लैपटॉप, एटीएम और बैंक पासबुक जब्त किए गए हैं।

साइबर ठगी–गिरफ्तार

बिलासपुर पुलिस ने ऑनलाइन ठगी करने वाले दो विदेशी नागरिकों सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से दो लैपटॉप, चार मोबाइल, छह एटीएम कार्ड, दो पासपोर्ट और बैंको की पासबुक बरामद की गई हैं। उल्लेखनीय है कि बिलासपुर निवासी एक युवक ने इन आरोपियों के झांसे में आकर सत्ताईस लाख रूपए गंवा दिए थे।

राजस्व पखवाड़ा

बलौदाबाजार जिले में लंबित राजस्व प्रकरणों के निराकरण के लिए आज से अठासी ग्राम पंचायतों में विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। राजस्व पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत आयोजित ये शिविर आगामी पंद्रह जुलाई तक आयोजित किए जाएंगे। इसके तहत जिले के चिन्हांकित ग्राम पंचायतों, तहसील, उप–तहसील और एसडीएम कार्यालयों में लंबित राजस्व प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा।

## मौसम

मौसम विभाग ने आगामी चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश के एक–दो स्थानों पर गरज–चमक के साथ भारी वर्षा होने और आकाशीय बिजली गिरने की चेतावनी दी है। भारी वर्षा का मुख्य क्षेत्र उत्तरी छत्तीसगढ़ रहेगा।

मौसम विभाग के मुताबिक एक द्रोणिका उत्तर–पूर्व अरब सागर से दक्षिण तटीय गुजरात से लेकर मध्यप्रदेश तक ऊंचाई में स्थित है, जिसके कारण प्रदेश में अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है।

## संक्षिप्त समाचार

- राज्य शासन ने अब से कुछ देर पहले प्रदेश के सभी तैंतीस जिलों के लिए प्रभारी सचिवों की नियुक्ति कर दी है। रायपुर के लिए निहारिका बारिक, बिलासपुर में मनोज कुमार पिंगुआ, बस्तर के लिए ऋचा शर्मा और दुर्ग के लिए सुब्रत साहू को प्रभारी सचिव बनाया गया है।
- वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी ने राज्य के सत्रह महाविद्यालयों के लिए करीब अस्सी करोड़ रूपये की राशि स्वीकृत की है। इससे राज्य के महाविद्यालयों में शिक्षा और अनुसंधान क्षमताओं में सुधार किया जा सकेगा।
- आदिम जाति विकास मंत्री रामविचार नेताम ने आज नवा रायपुर में कोसा केन्द्र रिटेल शोरूम का शुभारंभ किया।
- केन्द्रीय महिला और बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी से आज नई दिल्ली में छत्तीसगढ़ की महिला और बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने मुलाकात की। इस मौके पर उन्होंने छत्तीसगढ़ में महिलाओं और बच्चों के लिए संचालित किए जा रहें कार्यक्रमों के क्रियान्वयन पर चर्चा की।

<><><><><>